NBT
संडे नवभारत टाइम्स
रविवार, 1 दिसंबर 2024

# NBT ने कराई रीडर्स की नेवी चीफ से मुलाकात

Sunil Kataria




4 दिसंबर को नेवी डे है। नवभारत टाइम्स ने पिछले कुछ दिनों में नेवी से जुड़ी एक सीरीज चलाई। जिसमें हमने अपने रीडर्स को नेवी के विभिन्न पहलुओं से रू-ब-रू करवाया। एनबीटी ने नेवी से जुड़े सवाल भी पूछे और ढेरों रीडर्स ने क्विज में हिस्सा लिया। साथ ही रीडर्स ने अपने सवाल भी हमें भेजे, जो वे नेवी के बारे में जानना चाहते हैं। जिन रीडर्स ने क्विज में हिस्सा लिया, उनमें से सिलेक्टेड रीडर्स की मुलाकात एनबीटी ने इंडियन नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी से करवाई। इस मुलाकात में सवालों-जवाबों का सिलसिला भी चला और रीडर्स के सवालों के जवाब सीधे नेवी चीफ ने दिए। नेवी में करियर ऑप्शंस से लेकर नेवी के अलग-अलग ऑपरेशंस से जुड़े तमाम मसलों पर बातचीत हुई। पूरी कवरेज के लिए पढ़ना न भूलें 3 दिसंबर (मंगलवार) का नवभारत टाइम्स।